# डीएमएफ से स्वीकृत कार्यों का होगा परफार्मेन्स ऑडिट-कलेक्टर यशवंत कुमार

**» साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक आयोजित**





**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में डीएमएफ के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की विभागवार समीक्षा की तथा बताया कि उक्त कार्यों की परफार्मेन्स ऑडिट की जाएगी।

नरवा, गरूवा, घुरवा एवं बाड़ी योजना की समीक्षा करते हुए नवनिर्मित गौठानों के निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने तथा गौठानों के लिए पैरादान को बढ़ाने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित करने के निर्देश दिए। गौठान में नजरात शाखा के अंतर्गत राज्य शासन के निर्देशानुसार विभिन्न विभागों, निगम एवं मंडलों के पास रखे हुए स्क्रैप का डिस्पोजल 31 मार्च के पहले पूर्ण करने के लिए कहा। लम्बे समय से गैर निराकृत लोक अर्जियों तथा प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। महिला बाल विकास विभाग के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों में भर्ती शीघ्र किए जाने के लिए महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया। आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से प्रदाय किए जाने वाले पूरक पोषण आहार कार्यक्रम अंतर्गत रेडी टू ईट प्रदाय कर रहे महिला स्व-सहायता समूहों के चयन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली तथा प्रक्रिया के लिए आवेदित स्व-सहायता समूहों के रेडी टू ईट सेम्पल के रिपोर्ट शीघ्र मंगवाकर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी केन्द्रों, भवनों में बाल सुलभ शौचालय तथा पेयजल व्यवस्था शीघ्र पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। जिले में शासकीय शालाओं के आबंटित भूमि व शाला परिसर के अतिक्रमण की जानकारी के लिए सीमांकन करवाकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को कहा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत वन अधिकार मान्यता प्राप्त हितग्राहियों के पंजीयन व ऑनलाईन जानकारी अपडेशन का कार्य शीघ्र पूरा करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा, जिला पंचायत सीईओ ऋचा प्रकाश चौधरी, अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी, एसडीएम सारंगढ़ चंद्रकांत वर्मा, नगर निगम आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, समस्त एसडीएम एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### कक्षा 12 वीं विशिष्ट हिन्दी/विशिष्ट अंग्रेजी परीक्षा में 14604 परीक्षार्थी हुए शामिल

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल परीक्षा 2020 के तहत जिले में कक्षा 12 विषय विशिष्ट हिन्दी / विशिष्ट अंग्रेजी की परीक्षा आयोजित हुई। जिसमें 14865 दर्ज परीक्षार्थियों में से 14604 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 261 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मृत्यु पर दुख प्रकट किया

**» घायलों के उचित उपचार के दिए निर्देश**

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने बस्तर जिले के रायकोट के पास हुए सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मृत्यु पर गहरा दुख प्रकट किया है। उन्होंने जिला प्रशासन को इस घटना में घायलों के उचित उपचार और हर संभव मदद के निर्देश दिए हैं। ज्ञात हो कि सोमवार सुबह गीदम मार्ग पर रायकोट के पास पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे चार लोगों की मृत्यु हो गई। वाहन में सवार अन्य लोग घायल हो गए, जिनका उपचार डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा मृतकों के परिजनों को 25-25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता दी जा रही है।

### खाद्य मंत्री अमरजीत भगत आज आएंगे रायपुर

**रायपुर।** खाद्य एवं संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत 3 मार्च को रायपुर आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री भगत 2 मार्च को अम्बिकापुर से रात्रि 9 बजे अम्बिकापुर दुर्ग एक्सप्रेस द्वारा रवाना होकर 3 मार्च को सवेरे रायपुर पहुंचेंगे।

### नागरिक उड्डयन विभाग ने जगदलपुर हवाई अड्डे से एयरक्राफ्ट संचालन के लिए दी अनापत्ति

**रायपुर।** भारत सरकार के नागरिक उड्डयन विभाग ने जगदलपुर हवाई अड्डे से एयरक्राफ्ट संचालन के लिए अनापत्ति दे दी है। विमान सेवा संचालन के लिए हवाई अड्डे पर छत्तीसगढ़ सरकार तथा विमान संचालन के लिए इच्छुक मेसर्स एलायंस एयर द्वारा एटीआर 72-600 एयरक्राफ्ट के संचालन के लिए उपलब्ध कराए गए सुरक्षा मानकों और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं के परीक्षण के बाद महानिदेशक, नागर विमानन द्वारा यह अनापत्ति जारी की गई है।

### बेटे से मारपीट करने का विरोध करने पर दंपति की पिटाई, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** दंपत्ति के बेटे के साथ मारपीट करने पर मना करने पर आरोपियों ने दंपत्ति के परिवार के साथ मारपीट और गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कुशालपुर साहू पारा निवासी अखिलेश त्रिपाठी 40 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी परिवार समेत पुरानी बस्ती साहू पारा में रहता है व सदगुरू सेल्स सर्विसेस तेलीबांधा में काम करता है 1 मार्च को रात्रि करीब 8.30 बजे बेटा धनंजय त्रिपाठी उम्र 13 वर्ष घर आकर बताया कि पिंकी का भाई मार रहा है एवं कपड़ा फाड़ दिया है। इस पर प्रार्थी व पत्नि सुषमा त्रिपाठी बाहर निकल कर गये तो पटेल किराना दुकान के पास पिंकी यादव का भाई को देखकर मारपीट के बारे में पूछने पर पिंकी यादव एवं उसके भाई ने गाली गलौज करने लगा मना करने पर जान से मारने की धमकी देकर मुझे हाथ मुक्के से मारपीट किया जिससे पीठ में दाहिने भुजा में लगकर दर्द हो रहा है मेरी पत्नि सुषमा त्रिपाठी एवं लड़का धनंजय त्रिपाठी छुड़ाने आये तो पिंकी यादव व उसके भाई ने मां बहन की अपशब्दों का प्रयोग कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट किया।

### आर्थिक सर्वेक्षण- छत्तीसगढ़ में जीएसडीपी विकास दर देश की विकास दर से अधिक रहने का अनुमान

**» छत्तीसगढ़ में प्रति व्यक्ति आय में 6.35 प्रतिशत की वृद्धि**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में संसदीय कार्य मंत्री श्री रविन्द्र चौबे ने छत्तीसगढ़ राज्य का आर्थिक सर्वेक्षण वर्ष 2019-20 पटल पर रखा। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार वित्तीय वर्ष 2019-20 में छत्तीसगढ़ राज्य का सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) की विकास दर स्थिर भावों पर 5.32 प्रतिशत अनुमानित है, जो भारत की अनुमानित विकास दर 5 प्रतिशत से अधिक है।

## सृजन सभाकक्ष में रक्तदान शिविर आयोजित, अधिकारियों ने किया रक्तदान



सीएमएचओ ने रक्तदान के बताये लाभ

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टोरेट परिसर स्थित सृजन सभाकक्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर यशवंत कुमार के निर्देशानुसार विभिन्न अधिकारी-कर्मचारियों ने रक्तदान किया। इस शिविर का आयोजन रेडक्रास सोसायटी तथा स्व.श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के तत्वाधान में किया गया था। शिविर में रक्तदान के साथ ब्लड ग्रुपिंग भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने इस दौरान बताया कि स्वस्थ व्यक्ति को नियमित अंतराल में रक्तदान करना चाहिए। एक यूनिट रक्त से एक से अधिक लोगों की जान बचायी जा सकती है। रक्तदाता के स्वास्थ्य को भी विभिन्न लाभ इससे मिलता है। रक्तदान करने से हिमोक्रोमेटोसिस (जो कि शरीर द्वारा आयरन के अधिक अवशोषण से उत्पन्न होता है)का खतरा घटता है। कैंसर, हृदय तथा लीवर के रोगों का रिस्क घटता है। नये रक्त कणिकाओं का निर्माण मानसिक तथा शारीरिक स्वास्थ्य को सुधारता है। साथ ही रक्तचाप, शुगर, हिमोग्लोबिन तथा अन्य संक्रामक बीमारियों की जांच भी हो जाती है। शिविर में अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी, एसडीएम रायगढ़ आशीष देवांगन, सीईओ जनपद रायगढ़, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सरस्वती बंजारे, डिप्टी कलेक्टर सुश्री अभिलाषा पैंकरा, सीईओ जनपद पुसौर नितेश उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों ने रक्तदान किया।

## आवासीय छात्रों को बाजार मूल्य से कम कीमत पर मिलेगी गुणवत्तायुक्त खाद्य समाग्री



» बिहान द्वारा निर्मित 33 उत्पादों का छात्रावासों में होगा उपभोग

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा महिलाओं को आर्थिक तौर पर सशक्त बनाने के लिए संचालित बिहान योजना से उच्च गुणवत्ता युक्त उत्पाद बाजार दर से कम कीमत पर छात्रावासों को उपलब्ध कराये जा रहे हैं। कोण्डागांव जिले की महिला स्व-सहायता समूहों के द्वारा निर्मित उत्पाद अब सीधे इन छात्रावासों को नियत दर पर उपलब्ध कराये जाएंगे। जिससे उत्पादों की दर बाजार कीमतों से भी कम होगी और जिले के छात्रावासों को एक समान उच्च गुणवत्ता की समाग्री थोक मूल्य पर प्राप्त होगी। भविष्य में आवश्यकतानुसार प्रतिमाह इनकी मात्रा भी बढ़ायी जायेगी। इससे जिले में स्व-सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को न केवल रोजगार प्राप्त हो रहा है अपितु गुणवत्तापूर्ण खाद्य समाग्री से बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य एवं पोषण वृद्धि में भी सहायता हो रही है।

जिले के सभी 138 छात्रावासों एवं आश्रमों के लिए बिहान समूह द्वारा निर्मित दैनिक उपयोग की सामग्रियों के लिए 'अन्नपूर्णा भण्डार' की स्थापना की गई है। जिला प्रशासन द्वारा 98 हजार की लागत से 9 प्रकार के दैनिक उपभोग के सामानों की सप्लाई की जा रही है।

## ग्रामवासियों ने साप्ताहिक हाट-बाजार क्लीन में कराया अपना स्वास्थ्य परीक्षण



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना अंतर्गत गत दिवस बरमकेला विकास खण्ड ग्राम-कालाखुंटा, बोरिदा के साप्ताहिक हाट-बाजार में बरमकेला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा बाजार करने आने वाले लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया और लोगों को स्वास्थ्य संबंधी उचित परामर्श भी दिया गया। ग्रामीणजन ने हाट-बाजार क्लीनिक में अपना ब्लडप्रेशर, शुगर जांच, रक्त परीक्षण, सर्दी खांसी, बुखार आदि अन्य बीमारी का इलाज करवाया। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा निःशुल्क दवाई वितरण किया गया। बाजार करने आने वाले ग्रामवासियों ने स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की।

**» जिला स्तरीय परामर्शदात्री पुनरीक्षा समिति की बैठक संपन्न**

## पात्र हितग्राहियों को प्राथमिकता से लोन की राशि स्वीकृत करें बैंकर्स-कलेक्टर





**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के समस्त बैंकर्स की जिला स्तरीय परामर्श दात्री एवं पुनरीक्षा समिति की समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी उपस्थिति थी। कलेक्टर ने अधिकारियों को शासकीय योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को उनके व्यवसाय के लिए, लघु और मध्यम उद्योग स्थापित करने एवं मकान बनाने के लिए लोन की राशि प्राथमिकता से स्वीकृत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी बैंकर्स को अपने बैंकों के साख जमा अनुपात राष्ट्रीय अनुपात 40 प्रतिशत से अधिक बढ़ाने पर जोर दिया, ताकि जिले की जमा राशि का उपयोग लोन वितरण के रूप में किया जा सके।

कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान जिन बैंकर्स का प्रत्यक्ष ऋण अनुपात कम है, उनको बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही बैंकर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि कृषि के क्षेत्र में पात्र किसानों को (केसीसी) किसान क्रेडिट कार्ड और शासन की योजना से शत-प्रतिशत लाभान्वित किया जाए। किसानों को कृषि संबंधी कार्य के लिए ऋण की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, महिलाओं, अल्पसंख्यक वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग को उनके व्यवसाय और रोजगार स्थापित करने के लिए ऋण स्वीकृत करने के निर्देश दिए हैं ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग सक्षम बन सके।

## पैरालीगल वालिंटियर्स ग्राम सरपंच एवं मितानिनों के लिए जिला न्यायालय में सेमीनार आयोजित




**न्याय साक्षी/रायगढ़।** हमर योजना के अंतर्गत जिला न्यायाधीश रमाशंकर प्रसाद के मार्गदर्शन में घरेलू हिंसा की रोकथाम पर कार्यशाला जिला परिसर स्थित न्याय सदन में आयोजित की गई।

कार्यशाला में विवेक कुमार तिवारी, अपर जिला न्यायाधीश एवं दिग्विजय सिंह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सहित लोक अभियोजक अनिल कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे। जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं से चिन्हांकन तथा आवश्यक सुलह तथा परामर्श की कार्यवाही किए जाने के संबंध में जानकारी दी गई। योजना के क्रियान्वयन के लिए पैरालीगल वालिंटियर्स, सरंपच एवं मितानिन सदस्य की टीम के रूप में कार्य करते है।जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमाशंकर प्रसाद द्वारा बताया गया कि हमर अंगना का अर्थ होता है खुशहाली तथा यह अत्यंत महत्वपूर्ण व कारगर योजना है तथा घरेलू हिंसा पीड़ित महिलाओं के लिए कठिन परिस्थितियों में सहायक व राहत पहुंचाने वाली सिद्ध होगी। सरपंच, मितानिन एवं पैरालीगल वालिंटियर्स द्वारा बनी इस समिति के माध्यम से घरेलू हिंसा की रोकथाम की जावेगी। यह समिति वार्ड, गांव एवं पंचायतों में सर्वेक्ष्ज्ञण आयोजित कर घरेलू हिंसा से प्रभावित व्यक्तियों की पहचान करेगी तथा पीड़ित व्यक्तियों को चिन्हांकित कर हमर अंगना योजना के तहत राहत प्रदान करने की कार्यवाही करेगी। इसमें स्थानीय संस्थानों एवं गैर सरकारी संगठनों की सहायता भी ली जा सकेगी। विवेक कुमार तिवारी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा यह बताया गया कि कानून का लाभ लोगों तक नहीं पहुँच रहा है। हमर योजना अंतर्गत गठित समिति चूंकि आमजन से जुडी हुई होकर समाजसेवी होती है, इसलिये इस योजना को बड़ी सरलता से क्रियान्वित कर सकती है। दिग्विजय सिंह, प्रभारी सचिव द्वारा योजना की संरचना पर चर्चा करते हुए बताया कि प्रत्येक गांव स्थानीय निकायों में एक ड्राप बाक्स स्थापित किया जाएगा, जिसमें पीड़ित व्यक्ति की ओर से शिकायत को छोड़ा जा सकता है। ड्राप बाक्स की चाबी कमेटी के पास रहेगी। समिति द्वारा ड्राप बाक्स के माध्यम से प्राप्त शिकायत पर विचार किया जाएगा।

जिला महिला संरक्षण अधिकारी महिला बाल विकास विभाग ने बताया कि हमर अंगना के तहत न्यायालय एवं पुलिस कार्यवाही के माध्यम से सहायता एवं सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। साथ ही यह भी कहा कि सखी वन स्टॉप सेंटर में चौबीस घंटे पीड़ित महिलाओं के लिए सुविधाएं उपलब्ध करायी जाती है।

## सुदूर वनांचल में 'लिंगोदेव पथ' से मिलेगी विकास को नई राह

**» नवनिर्मित सड़क से क्षेत्र के आदिवासी जुड़ेंगे मुख्य मार्ग से**



**रायपुर।** राज्य शासन के अथक प्रयासों का यह परिणाम है कि कोण्डागांव का वह सुदूर क्षेत्र जो अब तक पहुँचविहीन होने के कारण मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहा, 'लिंगोदेव पथ' के निर्मित होने से अब यहां शासन की पहुंच आसान हो गयी है। यह मार्ग आगामी वर्षों में क्षेत्र की रुपरेखा में परिवर्तन के साथ ही जिले के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक सुदृढ़ता का मार्ग प्रशस्त करेगा।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की दृढ़ इच्छाशक्ति एवं पंक्ति पर खड़े अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने की दूरगामी सोच की ही परिणिति है, कि अब तक जो क्षेत्र घोर नक्सल प्रभावित एवं दुर्गम माना जाता रहा है, वहां सड़क निर्माण से विकास की नई आस जागृत हुई है।

जिले के अत्यंत सुदूर ग्रामों की तकदीर और तस्वीर बदलने के लिए मर्दापाल से लेकर खालेमुरवेण्ड तक बनाई गई 150 किलोमीटर की दूरी वाले इस सड़क का नाम 'लिंगोदेव पथ' दिया गया है। सड़क के लोकार्पण के लिए 'पुनांग हर्रि त पंडुम' महोत्सव का भी आयोजन किया गया, जिसका स्थानीय भाषा में अर्थ होता है - नवनिर्मित मार्ग का लोकार्पण महोत्सव। 'पुनांग हर्रि त पंडुम' महोत्सव का उद्देश्य भी लोगों में यह विश्वास जगाना है कि शासन प्रत्येक स्तर पर योजनाओं की पहुंच बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम बैठक में अधिक लोगों को स्व-रोजगार उपलब्ध - डॉ. टेकाम



**रायपुर।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम के संचालक मंडल की बैठक आयोजित की गई। डॉ. टेकाम ने निगम द्वारा संचालित सभी योजनाओं में अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक और सफाई कामगार वर्गों के अधिक से अधिक लोगों को स्व-रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने निगम द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी रोजगार मूलक योजनाओं की प्रगति और उपलब्धि की समीक्षा की। उन्होंने अंकेक्षण के लिए चार्टर्ड अकाउंटेन्ट, सहकारिता विभाग और योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए सॉफ्टवेयर निर्माण, योजनाओं के क्रियान्वयन में हितग्राही चयन में पारदर्शिता के लिए सिबिल (सीआईबीआईएल) क्रेडिट रेटिंग कंपनी, निगम द्वारा संचालित व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्रों में बेहतर प्रशिक्षण और स्व-रोजगार स्थापना के लिए रोजगार मूलक ट्रेडों का चयन कर अधिक से अधिक लोगों को स्व-रोजगार उपलब्ध कराने पर बल दिया।

बैठक में निगम के स्थापना बजट पर वित्त विभाग ने शीघ्र आबंटन जारी करने की सहमति दी। प्राधिकरण द्वारा संचालित रोजगार मूलक योजनाओं के सफल क्रियान्वयन कर हितग्राहियों द्वारा किए गए ऋण वापसी को भी शासन को वापस करने का निर्णय लिया गया। केन्द्र सरकार द्वारा विभिन्न पांच निगमों के रोजगार मूलक योजनाओं में प्राप्त राशि के सुव्यवस्थित रख-रखाव के लिए बैंक खातों का योजनावार संचालन करने सुझाव दिया गया। बैठक में निगम द्वारा अर्जित ब्याज की राशि के उपयोग के बाद शासन से स्थापना मंद में राशि प्राप्त होने पर आवश्यकतानुसार समायोजन करने का निर्णय लिया गया। लंबित देयकों का शीघ्र निराकरण करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में आदिम जाति तथा अनुसूचित जनजाति विकास विभाग के सचिव श्री डी.डी. सिंह, आयुक्त सहकारिता विभाग डी.पी.टावरी, संयुक्त संचालक कृषि श्री सी.व्ही. लोढ़ेकर उपस्थित थे।

## सरकारी अस्पतालों में 3 से 17 मार्च तक राष्ट्रीय श्रवण जागरूकता अभियान

**रायपुर।** विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में 3 से 17 मार्च तक राष्ट्रीय श्रवण जागरूकता अभियान (एन.एच.ए.सी.) पखवाड़ा संचालित किया जाएगा। लोगों को कानों से संबंधित बीमारियों के बारे में जागरूक करने के लिए 3 मार्च से स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान शुरू किया जाएगा। इसके लिए सभी जिलों की मितानिन और एएनएम को प्रशिक्षण दिया गया है। वे कान की समस्या से पीड़ित अपने क्षेत्र के लोगों को नजदीक के सरकारी अस्पताल में लेकर जाएंगी और उनका उपचार कराएंगी। उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा हर वर्ष 3 मार्च को राष्ट्रीय श्रवण दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रीय श्रवण जागरूकता अभियान के बारे में राज्य नोडल अधिकारी डॉ. कमलेश जैन ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य कान की देखभाल के प्रति जागरूकता लाना और कान से संबंधित रोगों से बचाव एवं उसके उपचार की जानकारी जनसामान्य तक पहुंचाना है। यह अभियान छत्तीसगढ़ में वर्ष 2014-15 में 14 जिलों में प्रारंभ किया गया था, जिसका विस्तार करते हुए 2018-19 से इसे प्रदेश के सभी 27 जिलों में संचालित किया जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दुनिया भर में करीब 47 करोड़ लोग यानि दुनिया की आबादी के 5 प्रतिशत से अधिक लोग बधिरता रोगों के प्रभाव में हैं।


स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480